

क्यूरेटर ने संभवत: भारतीय टीम में चिंगारी सुलगा दी है। विपक्षी ने भारतीय टीम के अंदर के बेस्ट को उभार दिया है।

- आर. अश्विन

पूर्व भारतीय गेंदबाज, क्यूरेटर और गंभीर के बीच हुई नोकझोंक को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ दिव्या देशमुख



युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी शतरंज रानी का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल 2026 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स केएल राहुल को अपनी टीम में ना सिर्फ शामिल करना चाहती है बल्कि उन्हें बतौर कप्तान भी बनाना चाहती है।

## लॉर्ड्स टेस्ट में टीम इंडिया के साथ हुई थी बेईमानी, 30 ओवर पुरानी गेंद मिली

लंदन, 31 जुलाई। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान गेंद बदलने के प्रोटोकॉल से भारतीय टीम प्रबंधन नाखुश है। उसने मैच रफेरी को अपनी चिंता बताई है। प्रबंधन का ये भी मानना है कि इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स टेस्ट में खेले गए सीरीज के अहम तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत में गेंद चुनने के मामले में बेईमानी हुई। खबर के अनुसार, लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान, जब दूसरी नई गेंद 10 ओवर के बाद खराब हो गई तो नई गेंद 30-35 ओवर पुरानी गेंद मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार नई गेंद मूल गेंद जितनी ही पुरानी होनी चाहिए, लेकिन पता चला कि अंपायर्स ने टीम को बताया कि स्टॉक में कोई भी गेंद 10 ओवर पुरानी नहीं थी। भारतीय टीम का मानना है कि चूंकि उन्हें पहले 10 ओवरों में स्विंग और सीम मूवमेंट वाली सख्त गेंद की जगह एक नरम और पुरानी गेंद मिली थी, इसलिए टेस्ट में उन्हें नुकसान हुआ। इंग्लैंड ने अंतत: 22 रनों से जीत हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रोमांचक चौथा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ और आखिरी मैच गुरुवार से शुरू होगा। वहीं भारतीय टीम के एक अधिकारी ने बताया कि, लॉर्ड्स में लगभग 10 ओवर के बाद ड्यूक्स गेंद अपना आकार खो बैठी, जैसा कि इस सीरीज में अक्सर होता रहा है। गेंद दोनों रिंग से नहीं गुजर पाई। हालांकि, अंपायर्स के पास 10 ओवर पुरानी गेंद नहीं थी, इसलिए मैच के एक अहम मोड़ पर भारतीय टीम को 30-35 ओवर पुरानी गेंद मिली। इसके बाद खेल कैसे बदला, ये जानने के लिए स्कोरबोर्ड देखें। गेंदबाजों की स्विंग कम हो गई और इंग्लैंड ने आसानी से रन बनाए लिए।

# क्रिस वोक्स को लगी गंभीर चोट, भारत 197/6





लंदन, 31 जुलाई। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला आज से लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट गंवा दिए हैं।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। तीसरे सेशन में भारत ने साई सुदर्शन, रविंद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल का विकेट गंवा दिया है। इससे पहले भारत को तीसरा झटका कप्तान शुभमन गिल के रूप में लगा जो रन आउट हुए। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के रूप में दो झटके क्रमश: गस एटकिंसन और क्रिस वोक्स ने दिए।

क्रीज पर ध्रुव जुरेल के साथ करुण नायर मौजूद हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को बाउंड्री लाइन के पास गेंद को रोकने के प्रयास में गंभीर चोट लगी है। वह कंधे को पकड़े हुए मैदान के बाहर गए हैं। करुण नायर और वॉशिंगटन सुंदर ने पारी को संभाला है भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन में खेला जा रहा है। द ओवल स्टेडियम इंग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी। पहले दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 6 विकेट खोकर 197 रन बना लिए हैं। करुण नायर और वॉशिंगटन सुंदर पिच पर हैं।

ध्रुव जुरेल 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने हैरी ब्रूक के हाथों दूसरे स्लिप पर कैच कराया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (2 रन) को भी पवेलियन भेजा। जोश टंग ने रवींद्र जडेजा (9 रन) और साई सुदर्शन (38 रन) के विकेट झटके। भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट हुए। जबकि केएल राहुल (14 रन) क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया।

57वें ओवर की आखिरी बॉल पर क्रिस वोक्स के कंधे पर चोट लगी। ऑफ स्टंप के पास की फुलर लेंथ बॉल को नायर ने मिड ऑफ की ओर खेला।

इसे रोकने के लिए क्रिस वोक्स ने दौड़ लगाई। उन्होंने बॉल रोकने के लिए डाइव लगा दी। इसी दौरान उनके बाएं कंधे में चोट लगी। हालांकि, वे दाएं हाथ से गेंदबाजी करते हैं। लेकिन फिजियो की सलाह पर उन्हें बाहर जाना पड़ा है।

### बारिश के कारण 2 बार रोकना पड़ा खेल

साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण दिन का खेल दो बार रोका जा चुका है। पहली बार बारिश के कारण जल्दी लंच करना पड़ा, जबकि दूसरी बार बारिश के बीच टी-ब्रेक हुआ। रात 8 बजे दूसरी बार खेल रोकने के बाद रात 9:15 बजे आखिरी सेशन शुरू हुआ।

## गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड, बने नंबर-1 भारतीय कप्तान



लंदन, 31 जुलाई। इंडिया और इंग्लैंड के बीच द ओवल में आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने सुनील गावस्कर का 46 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ये रिकॉर्ड था बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का। इंग्लैंड के खिलाफ 11 रन बनाते ही गिल ने इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया और वह भारत के नंबर-1 कप्तान बन गए हैं। बता दें कि, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 38 रन के स्कोर पर भारत को दो झटके लग गए।

जहां यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल का विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए शुभमन गिल पर काफी दबाव था। हालांकि, महज 11 रन बनाते ही उन्होंने बतौर कप्तान एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सुनील गावस्कर ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 मैचों की 9 पारियों में 91.50 की औसत के साथ 732 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 शतक जड़े थे।

वहीं तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में रेड हॉट फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल ने अब तक इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वहीं खबर लिखे जाने तक गिल 23 गेंदों पर 15 रन बना चुके हैं। उनके नाम अब इस सीरीज में 737 रन हो गए हैं।

फिलहाल, अब उनकी नजरें बतौर सर डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड पर हैं। जो कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड सर डॉन ब्रैडमैन के नाम है। गिल अब ब्रैडमैन के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 73 रन ही पीछे हैं।

### गिल ने की कोहली की बराबरी, सबसे खराब रिकॉर्ड किया अपने नाम

लंदन के द ओवल में भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच की शुरुआत में टीम इंडिया टॉस हार गई और मेजबान टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं ये कुल 14वां मौका है जब किसी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में कोई टीम सारे टॉस हारी हो। 21वीं दी में ऐसा पहली बार 2018 में भारतीय टीम के इंग्लैंड टूर के दौरान हुआ था। उस दौरान इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने भारत के खिलाफ सभी टॉस जीते थे।21वीं सदी में ऐसा सिर्फ दूरी बार हुआ है जब किसी कप्तान ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सभी टॉस हारे हों। इस सदी में ऐसा पहली बार विराट कोहली के साथ हुआ था, जो 2018 में टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर सभी 5 टॉस हार गए थे। वहीं शुभमन गिल 21वीं सदी में ऐसे दूसरे कप्तान बन गए हैं। उस दौरान टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 4-1 से विजयी रहा था। वहीं मौजूदा सीरीज की बात करें तो 4 मैचों के बाद इंग्लैंड 2-1 से आगे है। भारतीय टीम मेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 15वां टॉस हारी है, जो अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

## जयपुर की कशिश और कोटा के तेज राठौर बने 100 मीटर दौड़ के चैम्पियन

जयपुर, 31 जुलाई। जयपुर की कशिश चौमाल और कोटा के तेज राठौर ने मंगलवार को झुंझुनू में शुरू हुई राजस्थान अंडर 23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 100 मीटर दौड़ में क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया। पुरुष वर्ग में उदयपुर के जैसन ने रजत और जयपुर के वीरेंद्र प्रताप ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में चूरू की प्रीति ने रजत और झुंझुनू की सबीना ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि राजस्थान ओलंपिक संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने झुंझुनू के योगी स्टेडियम में चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता न्यायाधीश, झुंझुनू डॉ. महेंद्र सिंह सोलंकी ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्गा शंकर शर्मा (अध्यक्ष, फाइनेंस कमेटी), कार्तिक शर्मा (कोषाध्यक्ष, एथलेटिक्स संघ), शंकरलाल बुनकर (चीफ कोच), जयसिंह धनखड़ (अंतरराष्ट्रीय अवार्डी), मनीराम नायक (पूर्व खेल अधिकारी), और संगीता योगी (उपाध्यक्ष, बॉक्सिंग संघ) उपस्थित रहे। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव देव नारायण गुर्जर ने प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी दी।

## सीनियर महिला टीम के लिए चयन ट्रायल 3 को

जयपुर, 31 जुलाई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की सीनियर महिला टीम के चयन के लिए चयन ट्रायल दिनांक 3 अगस्त को प्रात: 10 बजे एम एस धोनी एकेडमी, गांधी पथ वेस्ट में आयोजित की जाएगी। ट्रायल में केवल जयपुर जिला के ही महिला खिलाड़ी भाग ले सकते है। ट्रायल के लिए कलर यूनिफॉर्म में आना होगा। खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे। कंप्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र, स्वयं का व माता-पिता का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले 3 वर्ष की मार्कशीट।

## नेपाल को मिली मेजबानी

नई दिल्ली, 31 जुलाई। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिड़ेगी।बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है।

## भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा : एलिसा हीली



सिडनी, 31 जुलाई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं।

# प्रो. कबड्डी लीग सीजन 12 का आगाज 29 अगस्त से



मुंबई, 31 जुलाई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) अपने 12वें सीज़न के साथ 29 अगस्त 2025 से शुरू होने जा रही है। यह सीज़न देशभर के कबड्डी प्रेमियों के लिए जबरदस्त रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर होगा। इस बार मुकाबले चार शहरों - विशाखापट्टनम (वीईजेग), जयपुर, चेन्नई और दिल्ली- में खेले जाएंगे और हार बार की तरह इस बार भी देश की 12 सर्वश्रेष्ठ टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी।

प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर और मशाल स्पोर्ट्स के बिज़नेस हेड अनुपम गोस्वामी ने इस मौके पर कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार को विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम से होगी, जहां उद्घाटन मुकाबले में तेलुगू टाइटंस का सामना तमिल थलाइवाज़ से होगा। उसी दिन दूसरा मैच बेंगलुरु बुल्स और पुनेरी पलटन के बीच खेला जाएगा। 30 अगस्त को तेलुगू टाइटंस फिर एक बार मैदान पर उतरेंगे, इस बार यूपी योद्धाज के खिलाफ खेल रहे होंगे। इस दिन का दूसरा मुकाबला यू मुम्बा और गुजरात जायंट्स के बीच होगा। सुपर संडे यानी रविवार को दर्शकों को फिर दो बड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे-पहले मैच में तमिल थलाइवाज़ और यू मुम्बा आमने-सामने होंगे, जबकि दिन का दूसरा मुकाबला मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स और बंगाल वॉरियर्स के बीच होगा। इस तरह लीग के शुरुआती तीन दिन ही धमाकेदार मुकाबलों से भरपूर रहेंगे।

विशाखापट्टनम की मेजबान के तौर पर वापसी इस सीज़न का एक खास आकर्षण है, जहां सात साल बाद प्रो कबड्डी का आयोजन हो रहा है। इस ऐतिहासिक वापसी के साथ विशाखापत्तनम एक बार फिर भारतीय कबड्डी के नक्शे पर चमकेगा। इसके बाद 12 सितंबर से एक्शन शिफ्ट होगा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में। यहां पहले दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे, दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम बेंगलुरु बुल्स, और फिर तमिल थलाइवाज़ बनाम बंगाल वॉरियर्स के बीच। जयपुर का प्रो कबड्डी में विशेष स्थान है। सीज़न 10 के दौरान यहीं पर लीग का ऐतिहासिक 1000वां मुकाबला खेला गया था। तीसरा चरण चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पज़ इंडोर स्टेडियम में 29 सितंबर से शुरू होगा।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

मुंबई, 31 अगस्त। मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितंबर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है। भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितंबर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितंबर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे।

### सेंट्रल इंडिया स्लैम में राजस्थान के खिलाड़ियों का प्रभावी प्रदर्शन

## दिव्यांशी ने अंडर-13 और सुभाष ने अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता




जयपुर, 31 जुलाई। इन्दौर के डेली कालेज में गुरुवार को संपन्न हुई सेंट्रल इंडिया स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए दो वर्गों के खिताब अपने नाम किए। राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने गर्ल्स अंडर-13 वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की शनाया राय को 8-11, 11-5, 11-2, 11-3 से हरा खिताब अपने नाम किया, वहीं सुभाष चौधरी ने फाइनल में महाराष्ट्र के रचित शाह को 12-10, 11-7, 11-5 से हरा बॉयज अंडर-19 का खिताब हासिल किया।

राजस्थान स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव धीरज सिंह ने आज यहां बताया कि राजस्थान के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। प्रभव बाजोरिया अपने आयु वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे, वहीं धैर्य गोगिया और गौरवी अजमेरा ने अपनी कैटेगरी में चौथा स्थान हासिल किया। धीरज ने बताया कि गर्ल्स अंडर-11 कैटेगरी में गौरवी अजमेरा ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की रैना समतानी को 11-3, 11-7, 11-3 से हरा अंतिम चार में जगह बनाई लेकिन सेमी फाइनल में उन्हें दूसरी वरीयता की आर्ना पांडे के हाथों 9-11, 2-11, 3-11 से हार के साथ चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। इसी तरह बॉयज अंडर-13 कैटेगरी में राजस्थान के दोनों खिलाड़ी प्रभव बाजोरिया और धैर्य गोगिया सेमी फाइनल हार गए। प्रभव को सेमी फाइनल में अमार्या बजाज ने 11-7, 11-5, 7-11, 12-10 से पराजित किया वहीं धैर्य गोगिया को टॉप सीड अमेरिका के शायन समतानी ने 11-9, 9-11, 11-1, 11-9 से शिकस्त दी। प्रभव तीसरे और धैर्य चौथे स्थान पर रहे।

## 23वीं राजस्थान स्टेट ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप शॉटगन में क्ले पिजन डबल ट्रैप इवेन्ट का समापन




जयपुर, 31 जुलाई। राजस्थान राईफल एसोसिएशन द्वारा 23वीं राजस्थान स्टेट ऑपन शूटिंग चैम्पियनशिप, 2025 शॉटगन की क्ले पिज़न ट्रैप, स्कीट इवेन्ट एवं डबल ट्रैप की 5 दिवसीय प्रतियोगिता 27 से 31 जुलाई तक ओएसिस शूटिंग रेंज जगतपुरा, जयपुर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में आज डबल ट्रैप इवेन्ट का समापन किया गया। इस आयोजन में राजस्थान राईफल एसोसिएशन के आयोजनकर्ता यज्ञिमत्र सिंहदेव (अध्यक्ष) और गिरधर प्रताप सिंह (उपाध्यक्ष) ने अतिथियों को मोमेन्टो वितरित किया साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिये नेशनल राईफल एसोसिएशन के जज एवं ज्यूरी वीरेन भट्ट गणमान्य अतिथि और नेशनल राईफल एसोसिएशन की टीम उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर से सैकड़ों से भी ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा युवा वर्ग, पुरूष वर्ग और महिला वर्ग को इवेन्ट्स् के आधार पर वर्गीकृत कर परिणाम घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राउन्ज मेडल पहनाकर उनकी हौसला अफजाई और हार्दिक शुभकामनायें दी गई।

### ख़दीजा रब्बानी ने जीता युथ महिला श्रेणी में कांस्य पदक

राजस्थान राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं राजस्थान ओपन स्टेट प्रतियोगिता की डबल ट्रैप प्रतिस्पर्धा में ख़दीजा रब्बानी द्वारा युथ महिला श्रेणी में काँस्य पदक प्राप्त किया। ख़दीजा रब्बानी ने प्रथम व दिवतीय राउंड में 10 व 10 अंक प्राप्त कर काँस्य पदक जीता। खदीजा रब्बानी के कोच सय्यद साद अली ने अथक मेहनत कर खदीजा को इस सम्मानजक मक़ाम तक पहुँचाया।

## बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

पटना, 31 जुलाई। बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी। आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा, हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है।

### राजस्थान राज्य सब जूनियर बालिका फुटबॉल चैम्पियनशिप

## जयपुर जिला फुटबॉल टीम की कप्तान तनीषा अदलक्खा और वैदेही गुर्जर उपकप्तान बनी



जयपुर, 31 जुलाई। राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने जारी राजस्थान राज्य सब जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने वाली जयपुर जिला की फुटबॉल टीम की आज घोषणा की गई। जयपुर जिला की 18 सदस्य टीम की कप्तान तनीषा अदलक्खा और उप कप्तान वैदेही गुर्जर को बनाया गया है।

आज शाम 4 बजे सवाई मानसिंह स्कूल के फुटबॉल प्रांगण में जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार, डॉ दिलीप सिंह चुंडावत और सेबी फिलिप्स ने जयपुर टीम की घोषणा की। जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि जयपुर जिला फुटबॉल टीम का चयन 6 जुलाई को आयोजित ट्रायल और उसके बाद आयोजित 10 दिवसीय कैंप के आधार पर किया गया है।

विद्याधर नगर स्टेडियम पर यह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 1 और 2 अगस्त को आयोजित की जा रही है जिसमें पूरे राजस्थान राज्य से टीमें शामिल हो रही है। जयपुर की टीम अपना प्रथम मैच श्रीगंगानगर के विरुद्ध 1 अगस्त को सुबह 10:30 बजे खेलेगी। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जा रही है और प्रतियोगिता का फाइनल 2 अगस्त को होगा।

डॉ दिलीप सिंह चुंडावत ने बताया कि इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम इस प्रकार है समायरा कांकरिया, कोमल सहरावत, वेदांशी शर्मा, अंजू राणा डोली, हिमांशी सोंखिया, इशिका निर्वाण, तनीषा अदलक्खा (कप्तान), कनिष्क नारायण, वैदेही गुर्जर (उप कप्तान), अनन्या गुप्ता, अदविका जेठानी, ईया बैद, काव्या शर्मा, तविषी जैन, लेयशा शर्मा, इशिका चौधरी, आराध्या खंडेलवाल और पायल यादव। सेबी फिलिप्स ने बताया कि टीम की कोच अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ से मान्यता प्राप्त कोच निकिता कंवर है। टीम के मैनेजर राष्ट्रीय खिलाड़ी और राजस्थान टीम के पूर्व कप्तान संजय लांबा है।


# अंशु जैन राजस्थान सीनियर पुरुष टीम के बने कोच, सपोर्ट स्टाफ घोषित


अंशु जैन


रेणु यादव


पंकज गुप्ता


प्राजक्ता


अनिल सिन्हा


राकेश बत्रा


हरीश जोशी

जयपुर, 31 जुलाई। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की तदर्थ समिति ने बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली विभिन्न आयु वर्ग की राजस्थान पुरुष - महिला टीमों के सपोर्ट स्टाफ की घोषणा की है।

तदर्थ समिति के संयोजक डीडी कुमावत ने गुरुवार को बताया कि राजस्थान सीनियर टीम (पुरुष) के लिये अंशु जैन को मुख्य कोच, निखिल डोरू को बैटिंग कोच, अनूप दवे को बॉलिंग कोच, चंद्रपाल सिंह को फील्डिंग कोच, मगन सिंह को फिजियो, राम सैनी को ट्रेनर और मोहन सिंह को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान अंडर 23 टीम (पुरुष) के लिये हरीश जोशी को मुख्य कोच, पुनीत यादव बैटिंग कोच, शैलेन्द्र गहलोत को बोलिंग कोच, जगसिमरण सिंह को फील्डिंग कोच, उत्कर्ष को फिजियो और अखिल गर्ग को ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

राजस्थान अंडर 19 टीम (पुरुष) के पंकज गुप्ता मुख्य कोच, अभिजीत शर्मा बैटिंग कोच, अफरोज खान बोलिंग कोच, म़ो अहमद फील्डिंग कोच, फरीद फिजियो और ट्रेनर लोकेन्द्र सिंह होंगे, जबकि राजस्थान अंडर 16 (पुरुष) के अनिल सिन्हा मुख्य कोच, विजय प्रकाश शर्मा बैटिंग कोच, मनीष वर्मा बोलिंग कोच, आबिद खान फील्डिंग कोच, अरविन्द पलसानिया फिजियो और दिलकान्त सिंह ट्रेनर रहेंगे।

कुमावत ने बताया कि राजस्थान अंडर 14 टीम के (पुरुष) अज़हरूद्दीन कोच, अनिल यादव अस्सिटेंट को आयुष्मान शर्मा फिजियो और किन्शित नागर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

इसी प्रकार राजस्थान सीनियर महिला टीम के लिये राकेश बत्रा मुख्य कोच, प्रियंका शर्मा कोच, गगनदीप सहायक कोच, कविता पाटिल ट्रेनर, वंदना पंवार फिजियो और विजिता राज को टीम मैनेजर बनाया गया है।

राजस्थान अंडर 23 महिला टीम की रेनू यादव मुख्य कोच, नीतू वैद कोच, सुरेंद्र सिंह राठौर सहायक कोच, संपा मुखर्जी ट्रेनर, मुस्कान पीपलवा फिजियो और सोफी सिद्धू - मैनेजर होंगी। राजस्थान अंडर 19 महिला टीम की प्राजक्ता शिवड़कर मुख्य कोच, पूर्णिमा सिंह कोच, अभिषेक शर्मा सहायक कोच, मृदुलातादीप ट्रेनर, कोनिका भोजक फिजियो और ज्वाला देवी जाट - मैनेजर होंगी। कुमावत ने बताया कि राजस्थान अंडर 15 महिला के लिये दीपाली शर्मा मुख्य कोच, अभिषेक शर्मा कोच, तन्वी उप्पल ट्रेनर और सुमिता नायर फिजियो नियुक्त किये गये हैं।